


नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 14 मई 2026



## एक नजर में

### उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने पायलट और फॉलो वाहन सुविधा का किया त्याग



**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आहवान पर राष्ट्रहित में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अपने कारकेड में उपलबध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधामय स्टाफ सहित तत्काल लौटा दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंत्र है। उन्होंने जोर देते हुए कहा पेट्रोलियम ईंधनों की बचत आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि समाज में ऊर्जा संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी दैनिक जीवन शैली में ईंधन की बचत को प्राथमिकता दें क्योंकि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**भानपुरा।** थाना क्षेत्र में महिला एवं नाबालिग से छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में फरियादी जमुना बाई पति राजूलाल बंजारा निवासी न?गा का डेरा, ढाबला माधोसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामनिवास पिता बद्रीलाल बंजारा निवासी न?गा का डेरा ने नाबालिग बालिका पिंकी (परिवर्तित नाम) के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ की। मामले में थाना प्रभारी रमेशचंद डांगी के निर्देशन में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया तथा आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74, 115(2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7, 8, 9एम, 10 के तहत अपराध क्रमांक 157/26 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में ग्राम कोटड़ी टैंक निवासी पूजा बाई पति घनश्याम मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चीकू पिता अमरसिंह मीणा (19) ने घर पर अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। मामले में भानपुरा पुलिस ने बीएनएस की धारा 74 एवं 333 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दोनों मामलों में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बही में जल संधारण को लेकर बावड़ी सफाई अभियान शुभारंभ



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम में विकासखंड मल्हारगढ़ के ग्राम बही पार्शवनाथ में नवांकुर संस्था श्री श्री मां शक्ति सेवा संस्थान द्वारा पराने जन स्त्रोत बावड़ी की साफ सफाई अभियान का शुभारंभ हुआ। जिला समन्वयक तृप्ती बैरागी की उपस्थित मे संस्था सदस्य एवं गामीणजनों ने श्रमदान किया। भीषण गर्मी के चलते जल संरक्षण व श्रमदान मे संस्था अध्यक्ष गोपाल तिवारी, सचिव राधिका तिवारी, प्रस्फुटन अध्यक्ष सतनारायण सेन, खेमराज पाटीदार अंबालाल पाटीदार, राधेश्याम गोराना, नितेश चौधरी व अन्य ग्रामीणों ने श्रमदान मे योगदान दिया।



# जल गंगा अभियान : जिल में 2639 डगवेल रिचार्ज तैयार

- जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संवर्धन पर भी जोर

**मंदसौर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। अभियान अंतर्गत जिले में डगवेल रिचार्ज के 4296 कार्य शुरू किए गए थे, जिनमें से अब तक 2639 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सबसे अधिक कार्य मंदसौर और गरोठ क्षेत्र में पूरे किए गए हैं।

सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने बताया कि अभियान के तहत कंटूर ट्रेंच, पर्कोलेशन तालाब, अमृत सरोवर, खेत तालाब एवं डगवेल रिचार्ज जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इनसे वर्षा जल संरक्षण और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा मिल रहा है।

गर्मी को देखते हुए जिले में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ भी लगाए जा रहे हैं। वहीं एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। साथ ही प्राचीन जल स्त्रोतों और बावड़ियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने आमजन से जल बचत और वर्षा जल संचयन अपनाने की अपील की है, ताकि भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

# गुजराती सेन समाज में मुकेश चौहान को दोहरी जिम्मेदारी

- जिलाध्यक्ष हेयर सेलून संघ और जिला महामंत्री मनोनीत, समाज बंधुओं में हर्ष

**मंदसौर। जिला गुजराती सेन समाज मंदसौर की संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। समाज के प्रति सक्रियता, समर्पण और निरंतर योगदान को देखते हुए मुकेश चौहान बरखेड़ा डांगी को दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें जिला अध्यक्ष हेयर सेलून संघ एवं जिला महामंत्री गुजराती सेन समाज मनोनीत किया गया है।**

यह नियुक्ति समाजसेवी एवं जिला निर्वाचन समिति सदस्य राकेश भाटी डिगांव की विशेष अनुशंसा पर की गई। जिला गुजराती सेन समाज द्वारा समाज के संविधान में प्रदत्त नियम-6 के तहत यह निर्णय संगठन के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

नवनियुक्त जिला महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान को समाज की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने, समाज में एकता को मजबूत करने तथा सामाजिक विकास के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही हेयर सेलून व्यवसाय से जुड़े समाज बंधुओं को संगठित कर उनके हितों की रक्षा और उत्थान के लिए कार्य करने पर जोर दिया गया है।

मुकेश चौहान की नियुक्ति पर समाज बंधुओं में हर्ष का माहौल है। इष्ट मित्रों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाजहित में प्रभावी कार्य होंगे।



## रणायरा-रहीमगढ़ में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

**मंदसौर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिलेभर में सतत आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीतामऊ ब्लॉक के ग्राम रणायरा एवं रहीमगढ़ में निक्षय वाहन के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी एवं अन्य बीमारियों के प्रति जागरूकता भी प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

**एक नजर** — 10 दिन में निराकरण नहीं होने पर भोपाल में जल सत्याग्रह की चेतावनी

## एसडीपी मशीन की मांग को लेकर शिवसेना यूटीबी का प्रदर्शन



**मंदसौर। जिला चिकित्सालय में एसडीपी मशीन, सोनोग्राफी मशीन एवं स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था की मांग को लेकर शिवसेना यूटीबी ने भीषण गर्मी के बीच गांधी चौराहा पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सीतामऊ तहसील के तीतरोद स्थित श्री वृंदावन धाम गौशाला समिति के आसपास की गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग भी की गई।**

ज्ञापन में बताया गया कि जिले की जनता एवं पत्रकारों द्वारा लंबे समय से जिला चिकित्सालय में एसडीपी मशीन एवं सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई तथा स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति भी नहीं हुई है। जबकि एसडीपी मशीन संचालन के लिए टेक्निशियन को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। शिवसेना यूटीबी मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख सुनील शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिवस के भीतर मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो जिला चिकित्सालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास के समीप शीतलदास बगिया में जल सत्याग्रह किया जाएगा।

प्रदर्शन में आईटी सेल राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़, महिला आघाड़ी सेना राज्य प्रमुख श्यामा देवी नायक, संभाग उप प्रमुख अनिल माली, युवा सेना जिला प्रमुख शुभम कछावा, आईटी सेल संभाग प्रमुख शैलेंद्र विश्वकर्मा, जिला उप प्रमुख रघुनाथ नायक सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### बंगला नंबर 55 जीव हत्या मामला गरमाया, गौ सेवा दल ने एसपी से की रासुका की मांग, जल्द हो गिरफ्तारी



**नीमच।** शहर के बंगला नंबर 55 क्षेत्र में हुई कथित जीव हत्या की घटना ने तूल पकड़ लिया है गौ सेवा समिति और गौ सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन का आरोप है कि 10 और 11 मई की मध्यरात्रि करीब 3 बजे एक तीन पहिया टेंपो के जरिए इस घटना को अंजाम दिया गया मौके पर खून के निशान और संदिग्ध हालात मिलने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। गौ सेवा दल ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के साथ रासुका के तहत कार्रवाई की मांग उठाई है। साथ ही कुछ कथित गौ तस्करों के नाम भी पुलिस को सौंपे गए हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या इस मामले में जल्द गिरफ्तारी होगी और क्या वाकई रासुका जैसी कड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी। फिलहाल शहर की नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### मदर्स डे पर सेवा और सम्मान : महावीर इंटरनेशनल ने बांटी 50 बेबी किट, महिला कर्मचारियों का किया अभिनंदन




**नीमच।** मदर्स डे के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नीमच द्वारा जिला चिकित्सालय में सेवा और सम्मान से जुड़ा भावनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवजात शिशुओं के लिए 50 हाइजेनिक बेबी किट वितरित की गईं, वहीं अस्पताल में सेवा दे रही 5 महिला कर्मचारियों को माला, दुपट्टा और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व और महिला सम्मान का संदेश देते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिला चिकित्सालय का यह वार्ड केवल उपचार का स्थान नहीं, बल्कि जीवन की शुरुआत का केंद्र है। जहां माताएं और नवजात शिशु रहते हैं और यहां कार्यरत महिला कर्मचारी दिन-रात सेवा में जुटी रहती हैं। संस्था द्वारा इससे पहले भी भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में चार पंखे भेंट किए जा चुके हैं, जिससे राहत मिली है। कार्यक्रम में पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य सूरजमल अग्रवाल, मनोहरलाल बम, प्रदीप धाकड़, जितेंद्र सकलेचा, श्रीपाल मारू, डिप्टी डायरेक्टर वूमन्स इंपावरमेंट आशा सांभर, उपाध्यक्ष माया विरवाल, भावना कांठेड़, मधु धाकड़ सहित संस्था के पदाधिकारी, अस्पताल स्टाफ और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में आभार श्रीपाल मेहता ने व्यक्त किया।

# नीमच का चीताखेड़ा बना 'कैंसर गांव'

- 200 मीटर में फैला गंभीर बीमारी का कहर, पिछले डेढ़ साल में 8 मौतें
- जहरीले रसायनों पर उठे सवाल, ग्रामीणों में भय का माहौल, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच



**नीमच।** जिले का चीताखेड़ा गांव इन दिनों कैंसर की भयावह त्रासदी से जूझ रहा है। गांव के एक छोटे से इलाके में लगातार सामने आ रहे कैंसर के मामलों ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। हालात इतने गंभीर हैं कि पिछले डेढ़ साल में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 से अधिक मरीज अब भी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस बीमारी की चपेट में युवा, महिलाएं और छोटे बच्चे भी आ रहे हैं। महज 200 मीटर के दायरे में बड़ी संख्या में कैंसर मरीज मिलने से पूरे गांव में भय, दहशत और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

**माताजी दरवाजा से बस स्टैंड तक का क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित**-चीताखेड़ा गांव की सरपंच मंजू देवी ने बताया कि गांव के माताजी दरवाजा से बस स्टैंड तक का क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां लगातार कैंसर मरीज सामने आने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है। कई परिवार अपने परिजनों को खो चुके हैं, जबकि कई परिवार अब भी बड़े अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। अधिकांश मरीजों का इलाज अहमदाबाद सहित अन्य बड़े शहरों में चल रहा है।

**कैंसर से जूझ रहे 8 लोगों की मौत**- सरपंच मंजू देवी के अनुसार कैंसर के कारण प्रभुलाल पिता नानूराम आर्य, वनिशा पिता नवीन कुमार, जेरा पति अजीज मंसूरी, रामलाल पिता भुवानीराम शर्मा, कंचनबाई पति जसराज आर्य, दुर्गादास बैरागी, राधाबाई पति रामनारायण प्रजापत तथा रतनीबाई पति अनिल गौड़ बंजारा की मौत हो चुकी है।

**वर्तमान में इनका उपचार जारी**- वहीं वर्तमान में सुल्तान पिता हिसामुद्दीन शेख (40), असलम पिता मोहम्मद मंसूरी (32), दुलेसिंह पिता नानूराम बंजारा (30), कंचन कुंवर पति श्यामसिंह राजपूत (45), रेखाबाई पति तखत सिंह बसेर (45), देवीलाल पिता कन्हैयालाल नाई (60), रुखमणबाई पति नानूराम माली (65), मंजू पिता श्यामलाल सालवी (40), अंगूरबाला पति विनोद टेलर (45), किशोर पिता सालीगराम पाटीदार (40), मानु पति वीरेंद्र पाटीदार (60) तथा 4 वर्षीय गुंजन पिता अर्जुन लोहार कैंसर से पीड़ित होकर उपचाररत हैं।

> **जहरीले कीटनाशक और रासायनिक खाद बड़ी वजह**
>
> ग्रामीणों का मानना है कि खेती में अंधाधुंध उपयोग किए जा रहे जहरीले कीटनाशक और रासायनिक खाद इस गंभीर बीमारी की बड़ी वजह हो सकते हैं। किसानों द्वारा बिना सुरक्षा उपकरणों के जहरीले रसायनों का छिड़काव किया जाता है, जिससे उनका असर सीधे शरीर पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से खेतों में इस्तेमाल हो रहे रसायन अब जानलेवा साबित हो रहे हैं।



# देश में एआई के चर्चें, लेकिन नीमच में रोड को तरसें लोग

- आदिवासी गांव के ग्रामीणों को सड़क रूपी परेशानी कब होगी दूर

**नीमच।** देश में विकास, डिजिटल इंडिया और आधुनिक तकनीक की बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं। लेकिन जमीनी हकीकत आज भी कई गांवों में बदहाल तस्वीर दिखा रही है। नीमच के आदिवासी बहुल ग्राम पिपलिया हाड़ा (नई आबादी) के लोग आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बुधवार को ग्रामीणों और जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर गांव में सड़क निर्माण की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि आज तक गांव में पक्की सड़क नहीं बन पाई, जिसके कारण हर मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय हालात और भी भयावह हो जाते हैं। कच्चे और जर्जर रास्तों से स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कत होती है। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के दावे सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आते हैं, जबकि आदिवासी क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई और किसानों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

**एक नजर** — विधायक और नपाध्यक्ष ने किया नीमच सिटी में नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

# पिपली चौक में पानी भरने की समस्या का होगा निराकरण...

**नीमच।** नीमच सिटी के पीपली चौक में बारिश के दिनों में होने वाली जल भराव की समस्या के निदान हेतु बुधवार 13 मई को विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा में 17.39 लाख की लागत से बनने वाली दो अलग अलग नाली के निर्माण का भूमि पूजन अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद, नपा सभापति श्री दारासिंह यादव, पार्षद श्री राकेश किलोरिया, श्री केदार राठौर, श्री रामचंद्र धनगर, श्री रूपेंद्र लोक्स, श्री योगेश कवीश्वर, एल्डरमैन श्री मनीष बेंस, श्रीमती आकांक्षा तलरेजा आदि भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने नीमच सिटी सहित संपूर्ण शहर व विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं आगामी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 60 सालों में जीतना विकास नहीं हुआ उतना भाजपा के शासन में हो रहा है। श्री परिहार ने कहा कि नीमच शहर में बहन स्वाति चोपड़ा के नेतृत्व में चंहु और विकास कार्य हो रहे हैं एवं स्वच्छता के मामले में भी परिषद अच्छा कार्य कर रही है।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि विधायक जी के नेतृत्व में नगर पालिका शहर में चोड़ी सड़कों का निर्माण, बगीचों का सौंदर्यकरण, नालियों का निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों के माध्यम से शहर का विकास करने में लगी है, पिपली चौक में जल भराव की समस्या का निराकरण करने के लिएआज नाली निर्माण का भूमि पूजन किया जा रहा है जिससे जल भराव की समस्या का निदान होगा और स्वच्छ वातावरण निर्मित होगा, श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हमने पिछली बार पूरे देश में 15 वा स्थान प्राप्त किया था और इस बार भी हम और बेहतर स्थान प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें जनता को बस इतना सहयोग करना है कि वह अपने घर और संस्थान का कचरा नाली या सड़क पर नहीं फेके और अगर कोई फेकता है तो उसे रोको टोको अभियान के तहत नाली व सड़क पर कचरा फेंकने से रोके और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें। स्वागत भाषण देते हुए मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव ने अपने वार्ड सहित नीमच सिटी में हुए विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा (बबलू) ने किया एवं आभार पार्षद श्री राकेश किलोरिया ने व्यक्त किया।